कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, मुंगेर।

Email- executiveengineer89@yahoo.com Mob-09470001271

पत्रांक 612 (अनु0)/मुंगेर, दिनांक 08/7/22

0 7 DEC 2022

प्रेषक

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, मुंगेर।

सेवा में,

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
मुंगेर।

विषय:– पथ प्रमंडल, मुंगेर अंतर्गत मौजा–भवानीपुर, खेसरा नं0–52, 53 एवं 54, खाता सं0–82, 82 एवं 6, थाना नं0–292(संग्रामपुर), जिला–मुंगेर में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा (MS/HSD) रिटेल आउटलेट स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।

प्रसंग:– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 1508 दिनांक 24.06.2022, अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मुंगेर का पत्रांक 630(अनु0) दिनांक 06.07.2022 एवं आपका पत्रांक 994 दिनांक 19.12.2019

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में पथ प्रमंडल, मुंगेर अंतर्गत गायघाट–संग्रामपुर पथ के चैनेज 13.800कि0मी0 पर मौजा–भवानीपुर, खेसरा नं0–52, 53 एवं 54, खाता सं0–82, 82 एवं 6, थाना नं0–292(संग्रामपुर), जिला–मुंगेर में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा MS/HSD न्यू रिटेल आउटलेट स्थापित करने के निमित्त पथ निर्माण विभाग की जमीन के पहुँच पथ के रूप में विकसित कर उपयोग करने हेतु मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 1508 दिनांक 24.06.2022 द्वारा निम्न शर्तों के साथ 05 वर्षों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है :–

1) 5–5 वर्षों के अन्तराल पर अनापत्ति प्रमाण पत्र का नवीनीकरण हेतु विभागीय संकल्प सं0–1921(S) दिनांक 08.03.2018 का अनुपालन सुनिश्चित करेंगें।
2) रिटेल आउटलेट की स्थापना मानक तथा अनुमोदित नक्शे के अनुरूप किये जाने की सूचना मुख्यालय को यथाशीघ्र देंगे। किसी प्रकार की विचलन की स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं ऑयल कम्पनी तथा इस विभाग को अवश्य सूचित करेंगे।
3) विभागीय पत्रांक 4770(E) दिनांक 24.08.2017 एवं 7661(E) दिनांक 23.12.2015 तथा विभागीय ज्ञापांक 8283(S) दिनांक 13.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपने स्तर से भी जाँच कर ली जाय।

उपरोक्त सभी शर्तों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

07.07.2022

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, मुंगेर।

ज्ञापांक– 612 दिनांक– 08/7/22

प्रतिलिपि :– उप महाप्रबंधक रिटेल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना, लोक नायक जय प्रकाश भवन, छठी मंजिल, पोस्ट बॉक्स नं0–40, डाक बंगला चौक, पटना–1 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, मुंगेर।

कृ0पृ0उ0